प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 25.02.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– बजट सत्र के दूसरे दिन आज विधानसभा में अघोषित बिजली कटौती, बिलासपुर जिले के लोफंदी में शराब पीने से हुई मौतों के साथ ही अरपा नदी में प्रदूषण के मामले गूंजे।

2– आबकारी घोटाले मामले की जांच के संबंध में ईडी की टीम आज रायपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंची।

3– बीजापुर जिले में तेईस लाख के चार इनामी सहित नौ माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

4– प्रदेश की तैंतीस जेलों में बंद कैदियों ने आज प्रयागराज से लाए गए गंगाजल से किया स्नान।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>विस–अनुपूरक अनुदान/ध्यानाकर्षण</u>**

राज्य विधानसभा में आज करीब उन्नीस हजार सात सौ बासठ करोड़ रूपये की राशि का तृतीय अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक भी आज ध्वनिमत से पारित हो गया है।

सदन में आज विपक्ष ने ध्यानाकर्षण के जरिये बिलासपुर जिले के लोफंदी में मादक पदार्थों के सेवन से हुए नौ लोगों की मौत का मुद्दा उठाया। नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने कहा कि प्रदेश में अवैध शराब की बिक्री हो रही है, जिसे पीने से इन लोगों की मौत हुई है। जबाब में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मामले की जांच के लिए छह सदस्यीय विशेष टीम गठित की गई है। इसकी रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद कार्रवाई की जाएगी। उपमुख्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्षी सदस्यों ने हंगामा करते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया।

आज विपक्षी विधायकों ने प्रदेश में हो रही अघोषित बिजली कटौती का मुद्दा भी उठाया और इस मुद्दे पर स्थगन प्रस्ताव के जरिये चर्चा कराने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने कहा कि प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती हो रही है, जिसके कारण किसान परेशान हैं। बाद में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने विपक्ष के इस स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य कर दिया।

आज सदन में ध्यानाकर्षण के जरिये सत्तापक्ष के विधायकों ने अरपा नदी के दूषित होने का मुद्दा उठाया। बिल्हा के विधायक धरमलाल कौशिक सहित अन्य विधायकों ने कहा कि बिलासपुर शहर की लगभग सत्तर नालियों का गन्दा पानी बिना ट्रीटमेंट के अरपा नदी में पहुंच रहा है, जिससे नदी का जल दूषित हो रहा है। इस पर उपमुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने सदन में घोषणा की कि अरपा नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए परियोजना बनाकर काम किया जाएगा।

**<u>विधानसभा–राजस्व निरीक्षण भर्ती</u>**

राज्य विधानसभा में आज सत्तापक्ष के विधायक राजेश मूणत ने पिछले वर्ष राजस्व निरीक्षक भर्ती परीक्षा में हुई अनियमितता पर सवाल किया। इस पर विभागीय मंत्री टंकराम वर्मा ने जवाब देते हुए सदन को बताया कि इस मामले में पांच सदस्यीय दल की जांच रिपोर्ट आ चुकी है, जिसके कुछ बिंदुओं पर गृह विभाग से जांच कराई जा रही है।

वहीं, सत्तापक्ष के ही विधायक धरमलाल कौशिक ने सदन में राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर सवाल किया। इस दौरान उन्होंने अभियोजन की स्वीकृति में देरी को लेकर भी सवाल उठाया। श्री कौशिक के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य प्रशासनिक सेवा के दो सौ पचपन पद स्वीकृत हैं। इनमें से दो सौ इंक्यावन पद भरे जा चुके हैं और चार पद रिक्त हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जीरो टालरेंस की नीति पर काम कर रही है

और कोई भी भ्रष्टाचारी बख्शा नहीं जाएगा। श्री साय ने बताया कि राज्य प्रशासनिक सेवा के चार अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच की प्रक्रिया चल रही है। इनमें सीजीपीएससी की तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक, निलंबित उप सचिव सौम्या चौरसिया, पाठ्य–पुस्तक निगम के तत्कालीन महाप्रबंधक प्रेमप्रकाश शर्मा और अभनपुर के तत्कालीन एसडीओ निर्भय कुमार शामिल हैं।

## विधानसभा–भारतमाला परियोजना

विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान भारतमाला परियोजना में मुआवजे का मुद्दा भी गूंजा। नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने एक प्रश्न के जरिये जानना चाहा कि कितने भू–स्वामियों और शासकीय भूमि के मुआवजे का वितरण कर दिया गया है।

विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन आज सदन में पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी गई।

## ईडी–कांग्रेस भवन छापा

आबकारी घोटाला मामले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय–ईडी की टीम आज पूछताछ के लिए रायपुर स्थित कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय राजीव भवन पहुंची। सूचना मिलते ही कांग्रेस की लीगल टीम भी कांग्रेस भवन पहुंच गई। ईडी की टीम ने कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू से पूछताछ की। बाद में श्री गैंदू ने बताया कि ईडी के अधिकारियों ने सुकमा जिले के कांग्रेस कार्यालय भवन के निर्माण को लेकर कई जानकारियां मांगी है। इस संबंध में समन जारी करते हुए सत्ताईस फरवरी तक जवाब पेश करने के लिए कहा गया है।

दूसरी ओर, प्रदेश कांग्रेस के संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने आरोप लगाया कि ईडी, केन्द्र और राज्य सरकार के इशारे पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने विपक्ष में रहते हुए जनसहयोग से रायपुर का प्रदेश कार्यालय बनाया था।

गौरतलब है कि ईडी, आबकारी घोटाला मामले में राज्य की कांग्रेस सरकार में आबकारी मंत्री रहे कवासी लखमा को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। कवासी लखमा इस समय जेल में हैं।

## आचार संहिता–शिथिल

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत आज तीसरे और अंतिम चरण के परिणामों की घोषणा की गई। इसी के साथ राज्य निर्वाचन आयोग ने आदर्श आचार संहिता को प्रभाव शून्य करने की घोषणा कर दी है। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने मतदाताओं के साथ ही निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों–कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया है।

## माओवादी आत्मसमर्पण

बीजापुर जिले में आज नौ माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। बीजापुर के एसडीओपी विनीत साहू ने बताया कि इनमें से चार माओवादियों पर कुल तेईस लाख रूपये का इनाम घोषित था।

## नशा कारोबार–कार्रवाई

राजधानी रायपुर और आसपास के क्षेत्रों में नशे का कारोबार करने वाले लोगों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उनकी करीब सवा चार करोड़ रूपये की संपत्ति जब्त की है। पुलिस महानिरीक्षक अजय यादव ने बताया कि इस मामले में पुलिस, स्मगलर एंड फारेन एक्सचेंज मेनुपुलेटर्स एक्ट–सफीमा के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई करती है।

## सीडी कांड मामला–सुनवाई

प्रदेश के कथित सीडी कांड मामले में आज रायपुर कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके सलाहकार विनोद वर्मा सहित मुख्य आरोपी कैलाश मुरारका, विजय पंड्या और विजय भाटिया उपस्थित थे। सुनवाई के बाद बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी ने बताया कि आज कोर्ट में सीबीआई बनाम कैलाश मुरारका और अन्य के मामले में बहस हुई। सीबीआई ने अपनी दलीलें पूरी कर ली हैं। चार मार्च को बचाव पक्ष के वकील अपनी दलीलें पेश करेंगे।

**<u>कैदी–गंगाजल स्नान</u>**

प्रदेश की पांच सेंट्रल जेल, बीस जिला जेल और आठ सब–जेल सहित कुल तैंतीस जेलों में बंद कैदियों ने आज प्रयागराज से लाए गए गंगाजल से स्नान किया। कैदियों ने इस अवसर पर सामूहिक प्रार्थना में भी हिस्सा लिया।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि यह आयोजन कैदियों के मानसिक और आध्यात्मिक उत्थान के उद्देश्य से किया गया, जिससे उनमें आत्मशुद्धि और सकारात्मक सोच विकसित हो सके।

**<u>रिजर्व बैंक–वित्तीय साक्षरता</u>**

वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा कल से वित्तीय साक्षरता सप्ताह मनाया जा रहा है, जो अट्ठाईस फरवरी तक चलेगा। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कल वित्तीय साक्षरता सप्ताह का शुभारंभ किया। इस वर्ष का विषय है ''वित्तीय समझदारी–समृद्धनारी। कार्यक्रम के दौरान गृहिणियों के लिए वित्तीय योजना, कामकाजी महिलाओं के लिए बचत और जोखिम प्रबंधन के साथ ही महिला उद्यमियों के लिए ऋण प्राप्त करने पर एफएलडब्ल्यू के उप–विषयों को कवर करने वाले तीन पोस्टर जारी किए गए। ये पोस्टर ब्रेल लिपि में भी उपलब्ध कराए गए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने इन संदेशों पर आधारित भारतीय सांकेतिक भाषा वाले वीडियो भी जारी किए हैं।

**<u>मौसम</u>**

**<u>और अब पेश है मौसम का हाल–</u>**

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के मध्य और उत्तरी भाग में एक मार्च तक तापमान में करीब तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। वहीं, दक्षिण छत्तीसगढ़ में दो मार्च तक तापमान में वृद्धि हो सकती है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में हल्के बादल छाए रह सकते हैं।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

**<u>और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...</u>**

– बस्तर जिले के चित्रकोट में आयोजित दो दिवसीय चित्रकोट महोत्सव का कल शाम समापन हो गया। इस महोत्सव में खेलकूद प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

– जांजगीर–चांपा जिले में आयोजित शिवरीनारायण महोत्सव का कल समापन होगा। महोत्सव के अंतिम दिन कवि सम्मेलन, कवियित्री और गायिका अनामिका अम्बर अपनी प्रस्तुति देंगी। त्ंप

– कोरबा जिले में कटघोरा वनमंडल के केंदई और जटगा रेंज में इन दिनों पचास हाथियों का दल विचरण कर रहा है। सूचना मिलने पर पहुंची वन विभाग की टीम ने हाथियों को खदेड़ दिया है।

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>